**Q.P. Code :20980**

**[Time: 2 ½ Hours]** **[ Marks:75]**

Please check whether you have got the right question paper.

N.B:
1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं |
2. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक / उप प्रश्न क्रमांक अवश्य लिखिए |

प्र.१ निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या लिखिए - 16

क - वह नीतिमत्ता में कम न था और विद्वता ऐसी अनोखी थी जिस पर मनुष्यता अभिमान कर सकती है, जहाँ ज्योतिष में उसकी कलम कमाल करती वहाँ साहित्य का वह आचार्य माना जाता |

अथवा

भूमिका बिना बांधे कहा जाए तो मतलब यह है कि जहाँ उन्हें रस मिलता है या जब उनके हृदय में रस उमड़ता है तब वे सब कुछ भूल जाते हैं | कि उनके जिम्मे और कितने जरुरी काम हैं, क्योंकि वे 'रस' को ही जीवन का वास्तविक प्राप्त मानते हैं |

ख- शुद्ध कर्ता ही नहीं
मुझे माना गया है
शुद्धता का माप भी
लोक साक्षी हूँ मैं
नहीं जानता
पूजा है या गुण
गिरने नहीं देता जो मुझे
महिमा की मचान से |

अथवा

संतुष्ट हैं प्रभु |
हुई है प्रतिज्ञा पूरी
आपके उद्धार की |
सार्थक हुआ है समुद्र का बंधना |
नींदे व्यर्थ करना रातों की
और वध
रावण का |

प्र.२ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 28

क - 'भक्तिन' के चरित्र और व्यक्तित्व का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए |

<u>अथवा</u>

स्मरण का स्मृतिकार पाठ के आधार पर राय कृष्ण दास के जीवन के बारे में लिखिए |

ख - खण्ड -खण्ड अग्नि के आधार पर राम के द्वन्द्व को सपष्ट कीजिए |

<u>अथवा</u>

'खण्ड -खण्ड अग्नि' काव्य नाटक की आधुनिकता पर अपने विचार व्यक्त कीजिए |

प्र.३ <u>निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए</u> | 11

१) कमला के जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए |

<u>अथवा</u>

२) 'खंड खंड अग्नि' का कथ्य प्रस्तुत कीजिए |

प्र.४ <u>निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए -</u> 10

क- लेखक और रजिया के सम्बन्ध

<u>अथवा</u>

राजर्षि तिलक

ख - 'खण्ड -खण्ड अग्नि' में उद्घोषणा |

अथवा

सरमा |

प्र.५ <u>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -</u> 10

1) भक्तिन सेवक धर्म में किस से स्पर्धा करती थी
2) रजिया का क्या पेशा था ?
3) महाराष्ट्र के प्राण कौन थे ?
4) प्रो. शशांक की आवाज कैसी थी ?
5) बम्बईया इण्डस्ट्री में हृषिकेश मुखर्जी को लोग किस नाम से जानते थे ?
6) 'खण्ड -खण्ड आग्नि' के लेखक का नाम लिखिए |
7) राम ने किस नारी का उध्दार किया था ?
8) सीता का सम्बन्ध किससे है ?
9) अग्नि की पत्नी का नाम लिखिए |
10) सन्नाटा का स्वभाव क्या है ?

*************

3E6B718D52E9CD56C0361663F6CFBC4A